Title : Need to stop evacuation of hutments by Railways during rainy season in Gondia district, Maharasthra.

**(xiii) Need to stop evacuation of hutments by Railways during rainy season in Gondia district, Maharashtra.**

**श्री शिशुपाल एन. पाटले (भण्डारा) :** उपाध्यक्ष महोद्य, रेल्वे द्वारा महाराट्र के गोंदिया जिले में झोंपड़ियों में रह रहे परिवारों को हटाया गया है। ऐसे परिवार इन जगहों पर 25 वर्ों से जीवन-यापन कर रहे हैं तथा लगभग 150 परिवारों को बेघर किया जा चुका है। ऐसे बरसात के मौसम के दौरान इनको हटाना उचित कदम नहीं है। एक ओर सरकार बाढ़ से पीड़ितों को बसाकर सहायता प्रदान करती है, दूसरी ओर ऐसी बरसात में इन गरीबों की झोपड़ियों को ध्वस्त किया गया है जिससे इनके छोटे-छोटे बच्चे बीमार तथा मर गये हैं। जबकि इन झोंपड़ीवासियों द्वारा बरसात समाप्ति तक उन्हें न हटाये जाने की मांग की गयी है। लेकिन रेल्वे के अधिकारियों द्वारा इनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया है। ऐसे अधिकारियों को शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाये।